THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir. However proposals for pilot projets shall be scrutinized & approved by DOT.

(b) Does not arise in view of (a) above.

राज्यों की दूर-संचार सेवाओं का राष्ट्रीय स्तर के समतुल्य बनाने हेतु सुधार किया जाना

1265. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ राज्यों में दूरसंचार सेवायें राष्ट्रीय स्तर की औसत से कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या इन राज्यों में दूरसंचार सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर की औसत के समतुल्य लाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या गुजरात सरकार ने राज्य में दूरसंचार समस्याओं और औद्योगिक क्षेत्र की आवश्यकताओं के संबंध में कोई अभ्यावेदन भेजा है ;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(च) इस संबंध मे सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) दूरसंचार सेवाओं के निष्पादन को विभिन्न पैरामीटरों से मापा जाता है । सभी राज्य कतिपय पैरामीटरों में औसत से अधिक निष्पादन दर्शा रहे हैं ।

(ख) राज्यों में संबंधित विभिन्न पैरामीटरों में सुधार तथा समग्र राष्ट्रीय औसत में सुधार लाने के लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं । कार्य निष्पादनों की निगरानी सर्किल तथा मुख्यालय दोनों स्तरों पर की जा रही है और इन्हें अनुकूलतम स्तर पर रखा जा रहा है । सेवाओं में और सुधार लाने के लिये नेटवर्क में नई और अद्यतन प्रौद्योगिकिया शामिल की जा रही है, ताकि वार्षिक योजनाओं और पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से सेवाओं का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण किया जा सके ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) और (ङ) जी, हां, गुजरात राज्य औद्योगिक विकास निगम ने कुछ औद्योगिक क्षेत्रों जैसे भड़ौदा जिले के जगादिया और वागरा और वड़ोदरा जिले में मंजुसार में नये उद्योगों के पूर्वानुमान से टेलीफोन की थोक मांग पंजीकृत की है ।

(च) तात्कालीन मांगें वर्तमान एक्सचेंजों द्वारा पूरी की गई है । गुजरात औद्योगिक निगम क्षेत्र के नये एक्सचेंज, इन स्थानों पर करार के अनुसार उपयुक्त स्थान सुलभ होने पर, खोल दिये जायेंगे, बशर्ते कि उपस्कर उपलब्ध हों ।

सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र मे वन भूमि

1266. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सौराष्ट्र कच्छ क्षेत्र में वन भूमि क्षेत्र का जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ में वन भूमि क्षेत्र का जिलावार प्रतिशत क्या था;

(ग) इसमें यदि कोई कमी आई तो उसके क्या कारण हैं ;